| 1

Copyright © 2020 Vhp. | All rights reserved. . . | 1

प्रेस वक्तव्य:

हिन्दुओं पर बढते जिहादी आक्रमणों के विरुद्ध बजरंग-दल का देश व्यापी प्रदर्शन 9 को
नई दिल्ली जुलाई 07, 2019. हिन्दू समाज पर लगातार बढ़ते जिहादी आक्रमणों के विरुद्ध बजरंग-दल आगामी मंगलवार (9 जुलाई) को देश भर में प्रदर्शन करेगा. इस सम्बन्ध में जारी एक संयुक्त बयान में विश्व हिन्दू परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय महा-मंत्री श्री मिलिंद परांडे तथा बजरंग-दल के राष्ट्रीय संयोजक श्री सोहन सिंह सोलंकी ने कहा कि इन विरोध-प्रदर्शनों के बाद स्थानीय कार्यकर्ता महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन भी देंगे जिससे देश में बढ़ते इस्लामिक जिहादी हमलों पर रोक लगाई जा सके.
विहिप महा-मंत्री ने यह भी कहा कि गत 30 जून की रात्रि में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सबसे बड़े व्यावसायिक केंद्र चांदनी चौक क्षेत्र में एक 100 वर्ष पुराने मंदिर पर इस्लामिक जिहादियों द्वारा हमला तथा उसके बाद मोब लिंचिंग की कुछ झूँठी घटनाओं के नाम पर हिन्दू समाज, पुलिस प्रशासन व देश के शान्ति पूर्ण व्यवस्था को बदनाम करने हेतु मुस्लिम समाज के द्वारा किये गए हिंसक प्रदर्शनों में जो हिन्दू विरोध, राष्ट्र विरोध व खुल्लमखुला गुंडागर्दी देखी गई, वह बेहद निंदनीय व चिंतनीय है.
जारी कर्ता:
विनोद बंसल, राष्ट्रीय प्रवक्ता
विश्व हिन्दू परिषद्
ट्वीट : @VHPDigital @vinod_bansal
मो. 9810949109